प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं.131/ 2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 10 नवंबर' 2025

तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने पूर्वोत्तर लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के तहत मेघालय राज्य के शिलांग शहर और ईस्ट खासी हिल्स के आस-पास नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सितंबर 2025 के महीने के दौरान मेघालय राज्य के शिलांग शहर और ईस्ट खासी हिल्स के व्यापक शहरी मार्गों को कवर करते हुए पूर्वोत्तर लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्र और पर्यटन स्थलो में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

01 सितंबर 2025 से 05 सितंबर 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने शिलांग शहर और ईस्ट खासी हिल्स के और इसके आस-पास के इलाकों में 269.4 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 9 हॉटस्पाट स्थानों और 1.6 किलोमीटर वॉक टेस्ट करते हुए विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित कर दिया गया है।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

**क) वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।
**ख) डाटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले ।

शिलांग शहर और ईस्ट खासी हिल्स के आस- पास के क्षेत्रों में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट-** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 96.34%, 73.63%, 99.12% और 80.20% है।


**ड्रॉप कॉल रेट:**- ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल ड्रॉप रेट क्रमशः2.46%, 12.19%, 0.89% और 3.49% है।


5G **डाटा सेवाएं-** 5G डेटा सेवाओं ने सिटी ड्राइव में 157.15Mbps की अधिकतम औसत डाउनलोड गति और 10.89Mbps की अधिकतम औसत अपलोड गति प्रदान की।

**शिलांग शहर और ईस्ट खासी हिल्स डिस्ट्रिक** इलाके के नेटवर्क के मूल्यांकन में जोराबात, बैरनीहाट, उमराई, उमत्रू, भोरिंबोंग, उमियम, किरदेमखला, मौकडोक, चेरापुंजी और मौसिनराम आदि के क्षेत्र शामिल थे। भादूविप्रा ने (i) एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लाक मेघालया लैजिस्लेटिव एसेम्ब्ली, (ii) एलिफेंट फॉल्स शिलांग, (iii) आई.आई.एम. शिलांग न्यू बिल्डिंग एडमिन ब्लॉक, (iv) आई.एस.बी.टी. शिलांग मावलाई-माविर्योंग, (v) मावफलांग सेक्रेड फोरेस्ट, (vi) मावसमई केव चेरापूंजी, (vii) पुलिस बाजार, (viii) सेवन सिस्टर्स वाटरफॉल चेरापूंजी, (ix) उमियम लेक में **स्टैटिक टेस्टिंग** के माध्यम से और (i) सिविल अस्पताल लाचुमियर, शिलांग, (ii) मेघालय मेघालया लैजिस्लेटिव एसेम्ब्ली और (iii) वार्ड लेक में **वॉक-टेस्ट** के माध्यम से वास्तविक स्थितियों का मूल्यांकन किया।

## प्रमुख सेवा गुणवत्ता मानदंडों पर निष्पादन

**सी.एस.एस.आर.:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (%में), **सी.एस.टी.:**कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), **डी.सी.आर:** ड्रॉप कॉल रेट(%में),**एमओएस :** मीन ओपिनियन स्कोर





### सारांश - वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 96.34%, 73.63%, 99.12% और 80.20% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः2.53, 2.81, 0.97 & 2.08 और 2.08 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 2.46%, 12.19%, 0.89% और 3.49% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल साइलेंस रेट क्रमशः7.12%, 1.30%, 8.70% और 3.26% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः 3.93, 2.97, 3.68 और 4.51 हैं।

### सारांश - वॉइस सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 55.11 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 0.98 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 157.15 Mbps और वीआईएल (4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 17.32 Mbps है।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 7.62 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 2.39 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 10.89 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 6.84 Mbps

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 28.80ms, 82.00ms, 20.85 ms और 46.35ms है।

| **डाटा निष्पादन -** | **हौट स्पॉट (Mbps में):** | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 23.81 | 4G U/L: 6.21 |
| | 5G D/L: 136.70 | 5G U/L: 14.56 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 0.86 | 4G U/L: 2.51 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 18.38 | 4G U/L: 2.23 |
| | 5G D/L: 204.70 | 5G U/L: 14.53 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 20.48 | 4G U/L: 7.03 |

नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है।किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री कौशिक मुखर्जी, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता) भादूविप्रा से ईमेल adv.kolkata@trai.gov.in या टेलीफोन नं 91-33-22361401 पर संपर्क किया जा सकता है।

कौशिक
10/11/2025

(कौशिक मुखर्जी, सलाहकार)
भादूविप्रा, क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता